हिंडौन डेंटिस्ट हेमलता गोयल को भाजपा में मिली जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी



हिंडौन सिटी। भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह की ओर से अपनी कार्यकारिणी घोषित की गई है। इसमें डॉक्टर हेमलता गोयल को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी दिए जाने पर कार्यकताओं ने हर्ष जताया है। गौरतलब है हेमलता गोयल पहले भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रह चुकी है और संगठन में इनकी अहम पहचान है। संगठन के सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के अलावा लोगों की समस्या समाधान में आगे रहती है। इनके पति संतोष गोयल भी डॉक्टर है। दोनों पति-पत्नी 10 साल से शिविरों में जाकर निशुल्क उपचार भी करते हैं। अब तक 40 से ज्यादा शिविरों में 5 हजार मरीज लाभांवित हो चुके है।

पूर्व थानाधिकारी धोलाराम पर गंभीर आरोपः न्यायालय में दस्तावेजों की कूटरचना, अवैध दबाव और घर में तोड़फोड़ का मामला दर्ज

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 10 जुलाई (दीपांकुर चौहान)। तत्कालीन थानाधिकारी धोलाराम एवं एक पुलिसकर्मी द्वारा न्यायिक कार्यवाही में प्रस्तुत होने वाले दस्तावेज में मिथ्या फर्द गढ़ते हुए छलपूर्वक कूटरचना कारित करने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम केकड़ी ने आरोपियों के खिलाफ परिवाद दर्ज करने की आदेश दिए ।

यह है मामला–केकड़ी निवासी मोहम्मद इब्राहिम पुत्र अब्दुल मन्नान देशवाली ने न्यायालय में एडवोकेट आसिफ हुसैन के जरिए परिवाद पेश कर बताया कि उसके खिलाफ पुलिस थाना केकड़ी शहर में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसका अनुसंधान तत्कालीन थानाधिकारी धोलाराम कर रहे थे तथा उनके रीडर के रूप में कांस्टेबल तेजमल कार्य कर रहा था। उसने बताया कि जबसे जांच धोलाराम के पास गई तब से उनका रीडर व अन्य पुलिसकर्मी उसका मकान खाली करने व रिपोर्टकर्ता नीरज शर्मा का कब्जा करवाने की नीयत से उस पर दबाव बना रहे थे । उसे और उसके परिजनों को जेल भेजने की धमकी देते थे । उसने बात नहीं मानी तो अभियुक्तगण उसके घर पुलिस की गाड़ी लाए। उसे 12 सितंबर 2024 को उठाकर ले गए व गिरफ्तार कर अवकाशकालीन मजिस्ट्रेट के यहां पेश किया जहां पर 2 दिन का रिमांड मांगा जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर खारिज कर जेल भेजा तत्कालीन थानाधिकारी धोलाराम ने न्यायालय के आदेश की पवित्रता भंग एवं छल पूर्वक सरकारी दस्तावेजों की कूटरचना की- न्यायालय में तत्कालीन थानाधिकारी धोलाराम ने अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा रिमांड आवेदन पारित किए जाने के उपरांत जब आदेश की पालना में कागज की छाया प्रतिया न्यायालय के समक्ष पेश की तो न्यायालय अवलोकन करने पर पाया कि अनुसंधान अधिकारी धोलाराम द्वारा बेइमानी पूर्ण आशय से सरकारी दस्तावेज जिसे रिकॉर्ड पर रखते हुए न्यायालय द्वारा पी.सी रिमांड आवेदन खारिज किया जिसमें स्पष्ट अंकन किया गया था कि दफा 27 साक्ष्य अधिनियम पर मोहम्मद इब्राहिम के हस्ताक्षर नहीं है । उसके अनुसंधान अधिकारी ने छलपूर्वक कपट करते हुए उक्त दस्तावेज को न्यायिक प्रसंज्ञान रिमांड आदेश में रिकॉर्ड होने के बाद स्वयं द्वारा प्रकरण के अभियुक्त के हस्ताक्षर अंकित कर उक्त छाया प्रति को रिकॉर्ड पर रखने हेतु पेश किया है। अभियुक्त को अनुसंधान पत्रावली पर मौजूद दफा 27 की इत्तिला पर मौजूद हस्ताक्षर दिखाये जाने पर अभियुक्त ने हस्ताक्षर उसके होने से इनकार किया । उसने बताया कि जब उसे कोर्ट से जेल लेकर गए तब धोलाराम ने गंदी-गंदी गालियां दी।

इस बात को पुलिसकर्मीयो ने स्वीकार किया। न्यायालय ने उसके सादे कागज पर तीन हस्ताक्षर धीमी गति, मध्यम गति ,तेज गति करवाये। न्यायालय ने अवलोकन किया और आदेशित किया। मोहम्मद इब्राहिम के हस्ताक्षरों, मौजूदा रिमांडशीट तथा अनुसंधान पत्रावली पर पूर्व मौजूद हस्ताक्षरों में भिन्नता पाई गई तथा पुलिस हिरासत में कारागार में निरुद्ध करवाये जाने तक की यात्रा के दौरान भी धोलाराम द्वारा मोहम्मद इब्राहिम को अश्लील गालियां दी।

राजस्थान में वसुंधरा राज का भव्य प्रवेश; जयपुर में खोला अपना तीसरा स्टोर

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 10 जुलाई (का.सं.)। भारत की विरासत को समकालीन अंदाज़ में पेश करने वाला लक्ज़री ज्वेलरी ब्रांड, वसुंधरा राज अब जयपुर में अपने पहले स्टोर के लॉन्च के साथ एक नया अध्याय शुरू कर रहा है।

परंपरा में रचा-बसा और आधुनिकता की सहज झलक लिए यह ब्रांड हमेशा से ही जयपुर की भव्य वास्तुकला, शाही विरासत और ज्वेलरी बनाने की सदियों पुरानी परंपरा से प्रेरणा लेता रहा है। इस स्टोर के लॉन्च के साथ, वसुंधरा राज ने अपने डिज़ाइन विज़न को एक ऐसे रिटेल स्पेस के जरिए साकार किया है, जो उनके अनोखे सौंदर्यबोध को बखूबी दर्शाता है। इस स्टोर को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को एक निजी और भावनात्मक अनुभव पेश करे, जहाँ पुराने ज़माने की शान और आधुनिक सादगी का सुंदर मेल देखने को मिलता है। दीवारों पर हाथ से बनी पिचवाई आर्ट की कोमलता और राजा रवि वर्मा की पेंटिंग्स से प्रेरित कलाकृतियाँ इस जगह को एक अद्भुत कलात्मक रूप देती हैं। ब्रांड की फाउंडर और क्रिएटिव डायरेक्टर वसुंधरा राज ने कहा, जयपुर हमारे लिए हमेशा से ही प्रेरणा का स्रोत रहा है। इसकी सांस्कृतिक गहराई, हस्तशिल्प की परंपरा और डिज़ाइन की समझ ने हमारे सभी कलेक्शंस को और भी खूबसूरत बना दिया है। वैशाली नगर को आधुनिक जयपुर के रूप में माना जाता है, ऐसे में यहाँ अपना पहला स्टोर शुरू करना हमारे लिए एक बेहद भावनात्मक पल है। दिल्ली, नोएडा और अब जयपुर के बाद वसुंधरा राज की योजना भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और कारोबारी क्षेत्रों में बढ़ने की है। आने वाले महीनों में ब्रांड नोएडा के साथ-साथ मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, लखनऊ, कोयंबटूर और चंडीगढ़ जैसे शहरों में भी अपने स्टोर लॉन्च करेगा।

अंडरस्टैंडिंग एलर्जी एण्ड एनाफाइलेक्सिस विद हॉलिस्टिक एप्रोच विषय पर कार्यशाला का आयोजन

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 10 जुलाई (का.सं.)। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारा विश्व एलर्जी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिये एलर्जी दिवस की थीम ऐनाफाइलेक्सिस होलिस्टिक एप्रोच पर अंडरस्टैंडिंग एलर्जी एण्ड एनाफाइलेक्सिस विद हॉलिस्टिक एप्रोच विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ मधु माथुर, विभागाध्यक्ष, निओनेटोलोजी एवं बालरोग विशेषज्ञ, एम.जी.एम.सी. जयपुर ने एलर्जी के विविध आयाम के निदान एवं चिकित्सा पर जानकारी दी। डॉ माथुर ने कहा कि इस वर्ष के एलर्जी दिवस की थीम ऐनाफाइलेक्सिस है जो कि एलर्जी का शीघ्र एवं अतितीव्र परिणाम दिखाने वाला स्वरूप है जिसमें रुग्णों को त्वरित आत्ययिक चिकित्सा की आवश्यकता पड सकती है। हमें जागरूक रहना है और शरीर के अन्तर्गत सफाई के साथ ही साथ पर्यावरण की भी साफ सफाई अति आवश्यक है। एलर्जी सूक्ष्म कारको से ही होती है ओर समग्र चिकित्सा विधि द्वारा इसकी बेहतर चिकित्सा की जा सकती है।

संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निशा गुप्ता ने एलर्जी के कारक तत्वों पर एवं उसके आयुर्वेद निदान पर जानकारी देते हुए संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग में पिछले दशक में एलर्जी (अनुर्जता) पर हुए दस से अधिक शोधकार्यो का विवरण दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो आर के जोशी ने एलर्जी एवं विभिन्न रोगों में लक्षण पर समेकित अध्ययन पर उद्बोधन दिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं यू.जी., पी.जी., पी.एच.डी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुओं का पूजन, शिष्यों ने की विशेष पूजा और हुआ भंडारा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 10 जुलाई (का.सं.)। चोमू शहर एवं गोविंदगढ़ और उसके आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया गया।

क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और गुरु परंपरा को नमन करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अंजनी हनुमान मंदिर हाड़ोता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहां महंत हरिकृष्ण दास ग्वालिया बाबा ने रेवासा पीठ के पूज्य राजेंद्र दास जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच भजन-कीर्तन और प्रवचन भी हुए। जिनमें गुरु की महिमा और उनके मार्गदर्शन की अहमियत पर प्रकाश डाला गया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का भंडारा भी आयोजित किया गया।

सैकड़ों लोगों ने भंडारे में भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की और गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति द्वारा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु की भूमिका और महत्व को दर्शाता है। गोविंदगढ़ में मनाया गया यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सजीव करने वाला रहा। आयोजकों और श्रद्धालुओं ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया और गुरु परंपरा की गरिमा को जीवंत रखा। चोमू शहर के सड़ रोड स्थित श्री कोठी वाले हनुमान मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज की पूजा की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर (12 ट्रिप) साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर, 10 जुलाई (का.सं.)। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

गाडी संख्या 09621, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा दिनांक 13.07.25 से 28.09.25 तक (12 ट्रिप) प्रत्येक रविवार को अजमेर से 06.35 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 09.00 बजे आगमन व 09.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को 04.15 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09622, बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा दिनांक 14.07.25 से 29.09.25 तक (12 ट्रिप) प्रत्येक सोमवार को बान्द्रा टर्मिनस से 09.35 बजे रवाना होकर अगले दिन मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर 05.40 बजे आगमन व 05.50 बजे प्रस्थान कर 08.50 बजे अजमेर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, जयपुर, सवाईमाधोपुर, कोटा, रामगंज मण्डी, भवानी मण्डी, विक्रमगढ आलोट, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 01 थर्ड एसी इकोनोमी, 08 द्वितीय शयनयान, 04 द्वितीय साधारण श्रेणी, 01 पॉवर कार एवं 01 गार्ड डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बें होगें।

अब मिड-रेंज फोन भी सिर्फ सस्ता नहीं, स्मार्ट बन चुका है

नई दिल्ली, 10 जुलाई (प्रभात अभिनन्दन न्यूज)। स्मार्टफोन यूज़र्स अब सिर्फ कीमत नहीं, परफॉर्मेंस और एक्सपीरियंस भी देखना चाहते हैं। यही वजह है कि मिड-रेंज सेगमेंट में अब मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। इस बदलते ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए, वनप्लस ने अपनी नई पेशकश- वनप्लस नॉर्ड 5 सीरीज़ और वनप्लस बड्स 4 लॉन्च की है, जो बजट में फ्लैगशिप जैसा अनुभव देने का वादा करती है।

वनप्लस नॉर्ड 5 में है नया स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 प्रोसेसर, 144 एफपीएस गेमिंग, ड्यूल 50 मेगापिक्सल कैमरा और क्रायो-वेलोसिटी कूलिंग सिस्टम। वहीं, वनप्लस नॉर्ड सीई 5 मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 प्रोसेसर, 7100 एमएएच बैटरी और 80 वॉट सुपरवूक चार्जिंग के साथ टैबलेट जैसी बैटरी लाइफ देता है।

वहीं, वनप्लस बड्स 4 में 45 घंटे की बैटरी, 3डी ऑडियो, स्लाइड जेस्चर और डुअल डिवाइस कनेक्शन जैसे फीचर्स हैं, जिससे यह म्यूजिक और गेमिंग लवर्स के लिए परफेक्ट चॉइस बनता है। इसकी बिक्री 9 जुलाई से शुरू होगी। वनप्लस के संस्थापक पेट लाउ ने कहा, नॉर्ड सीरीज़ का उद्देश्य हर किसी तक प्रीमियम अनुभव पहुँचाना है। हमारा यकीन है कि बेहतरीन तकनीक सिर्फ प्रीमियम दाम वालों के लिए नहीं, बल्कि सबके लिए होनी चाहिए। नॉर्ड 5 की शुरुआती कीमत 29,999 रुपए और नॉर्ड सीई 5 की कीमत 22,999 रुपए रखी गई है। दोनों मॉडल्स वनप्लस.इन, अमेज़न और ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।

पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगाः सिद्धारमैया

नई दिल्ली, 10 जुलाई (वेब वार्ता)। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

श्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी.के शिवकुमार इस समय दिल्ली में हैं। दोनों की लोकसभा में नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात होनी है। श्री शिवकुमार दिल्ली में ही कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से बुधवार को मुलाकात कर चुकें हैं।

श्री सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई वेकैंसी नहीं है और वह अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इन रिपोर्टों में कोई दम नहीं है कि कांग्रेस आलाकमान ने उनसे मुख्यमंत्री पद छोड़ने को कहा है। उन्होंने कहा कि श्री डी के शिवकुमार खुद भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है।

गुजरात में 'चंदा दो-धंधा लो' का सिस्टम, इसलिए टूट रहे हैं पुलः कांग्रेस

नई दिल्ली, 10 जुलाई (वेब वार्ता)। कांग्रेस ने गुजरात में मोरबी पुल ढ़हने से कई लोगों के मारे जाने की घटना को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा है कि राज्य में चरम भ्रष्टाचार के बीच वहां 'चंदा दो-धंधा लो' की व्यवस्था चल रही है और अधिकारी लापरवाह हो गये हैं इसलिए रोड, पुल, कैनाल, डैम टूटना, अग्निकांड की घटनाएं लगातार हो रही हैं और इनकी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी एवं सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने गुरुवार को यहां कांग्रेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए सरकार तुरंत जांच शुरु करवा देती है, लेकिन परिणाम शून्य रहता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस तरह के पिछले 16 मामलों में जांच के लिए ईमानदार अधिकारियों की टीम गठित नहीं करती तो सड़कों पर उतरकर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृहमंत्री हर्ष रमेश संघवी के इस्तीफे की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा, राजकोट के अग्निकांड का मामला हो, वडोदरा में बोट पलटने का मामला हो, टीआरपी गेमिंग जोन का मामला हो, मोरबी ब्रिज के गिरने का मामला हो या सूरत में तक्षशिला का मामला हो जो पुलिस के अफसर शराब के अड्डों से, जुए के अड्डों से, बड़ी-बड़ी लैंड डील्स से या ड्रग्स के काले कारोबार से तगड़ी कमाई करते हैं, जो चुनाव के वक्त भाजपा को जितवाने की सुपारी लेते हैं-ऐसे भ्रष्ट अफसरों को ऐसे मामलो की जांच दी जाती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक मीडिया और विपक्ष के तौर पर कांग्रेस का दबाव रहता है, तब तक कुछ लोगों की गिरफ्तारी कर लीपा-पोती की जाती है और छोटी मछलियों को पकड़ा जाता है, लेकिन भाजपा से जुड़े बड़े मगरमच्छों को छोड़ दिया जाता है। गुजरात सरकार और उनके भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के कारण प्रदेश भर में पिछले कुछ साल में कई दुर्घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता काफी समय से गंभीरा पुल के बारे में सवाल उठा रही थी और कांग्रेस संसदीय दल के नेता अमित चावड़ा ने भी कहा कि पुल जर्जर है, इसकी मरम्मत होनी चाहिए, ये गिर सकता है, लेकिन भाजपा सरकार ने एक न सुनी।

फडणवीस ने किया मुंबई सिंदूर फ्लाईओवर उद्घाटन

मुंबई, 10 जुलाई (वेब वार्ता)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित मुंबई सिंदूर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

फ्लाईओवर के उद्घाटन के अवसर पर श्री फडणवीस के साथ महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी मौजूद थे। यह फ्लाईओवर वाहनों के लिए आज अपराह्न तीन बजे खोला जायेगा। यह फ्लाईओवर दक्षिण मुंबई में पूर्व-पश्चिम यातायात को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह नया पुल 150 साल पुराने कर्नाक पुल की जगह लेगा, जिसे मध्य रेलवे द्वारा असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद अगस्त 2022 में ध्वस्त कर दिया गया था। यह छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मस्जिद बंदर और मोहम्मद अली रोड क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की यात्रा को सुगम बनाता है। कार्नाक ब्रिज का नाम बदलकर सिंदूर फ्लाईओवर करने का निर्णय पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर भारत के सफल सैन्य हमलों के बाद लिया गया था।

संभागीय आयुक्त ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

बीकानेर, 10 जुलाई। संभागीय आयुक्त श्री विश्राम मीणा ने गुरुवार को एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया और अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान संभागीय आयुक्त मीणा अस्पताल के आउटडोर, आपातकालीन, नवनिर्मित लैब, इनडोर वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी, संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी और अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष साथ रहे। संभागीय आयुक्त ने अस्पताल की प्रगति एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली एवं महिला एवं प्रसूति विभाग को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

हिमाचल और पूर्वोत्तर में बाढ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही है सेना

नई दिल्ली, 10 जुलाई (वेब वार्ता)। भारतीय सेना बाढ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है। सेना की ओर से गुरूवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं।

सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियाँ तैनात की हैं जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है। इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है। सेना के जवान दुर्गम गाँवों में नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर राहत सामग्री भी पहुंचा रहे हैं। बाढ से बेहाल पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी सेना ने ऑपरेशन जल राहत-दो के तहत नागालैंड, असम और मणिपुर में व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान शुरू किया है।

सेना ने इस अभियान के लिए कुल 40 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं। इस अभियान में अब तक 3820 लोगों को बचाया गया है और भोजन के 1361 पैकेट वितरित किये गये हैं। सेना की ओर से 2095 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है और 15 हजार से अधिक पानी की बोतलें वितरित की गयी हैं। सेना ने कहा है कि वह प्राकृतिक आपदा के समय संकट में फंसे लोगों की मदद करने की प्रतिबद्धता पर अड़िग है और राहत तथा बचाव अभियानों में मदद करती रहेगी।

नए युग में प्रवेश कर चुकी है भारत की विदेश नीतिः भाजपा

नई दिल्ली, 10 जुलाई (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आतंकवाद वाले विषय पर न सिर्फ सर्वसम्मति के साथ भारत के पक्ष का अनुमोदन हुआ बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंकवाद के प्रायोजक को एक तराजू में नहीं रखा जा सकता है। आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक स्वीकार्यता प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित हुई।

भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. सुधांशु ने कहा कि प्रधानमंत्री की हालिया विदेश यात्रा के दौरान 4 देशों ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया और इसी के साथ प्रधानमंत्री को अब तक 27 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हो चुका है। वे 17 देशों की पार्लियामेंट को संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था हो चुका है और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। हमारे आर्थिक और सामरिक हित बहुत से महत्वपूर्ण मैटेरियल पर निर्भर हैं, जिसमें डायमंड, यूरेनियम, लिथियम, गोल्ड जैसे क्रिटिकल मैटेरियल शामिल हैं। घाना और नामीबिया जैसे देश, जो इस प्रकार के तत्वों का प्राकृतिक रूप से बड़ा संग्रह रखने वाले देश हैं, उनके साथ भारत का एग्रीमेंट होना, भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि क्रिटिकल रियर अर्थ मैटेरियल के लिए किसी एक देश पर निर्भर होने से मुक्ति भी दिलाता है।

ICICI Home Finance कॉर्पोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालयः भूतल, प्लॉट संख्या 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001

निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निजी संधि के माध्यम से अचल आस्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के साथ नियम 8(8) के साथ पठित

आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लेखित बंधक संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामी विफल रहीं। अब, एक इच्छुक खरीदार ने उक्त संपत्ति को **रुपये 8,65,688/-** की राशि में खरीदने के प्रस्ताव के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को निजी संधि के माध्यम से ''जहां है, जैसा है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार है;

क्र. सं.	उधारकर्ता(ओं)/सह उधारकर्ताओं/ गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम ऋण खाता संख्या	सुरक्षित परिसंपत्ति (परिसंपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो तो ज्ञात भार सहित	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तारीख समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी अवस्था
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)	(एच)	(आई)
1.	मिठ्ठ सिंह (उधारकर्ता) पारस कुंवर (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या **NHRSM00001273224**	आवासीय प्लॉट संख्या 51, ग्राम आरएचबी रोड, धोइंदा तहसील एवं जिला राजसमंद, राजस्थान में स्थित।	रु. 31,78,879.00/- (9 जुलाई 2025 तक)	रु. 8,65,688/- रु. 86,569/-	21 जुलाई, 2025 सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक	28 जुलाई, 2025 दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक	25 जुलाई ,2025	भौतिक कब्ज़ा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (URL लिंक- **https //BidDeal.in**) पर आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाता(ओं) को बयाना राशि जमा **(IEMD) RTGS**/डिमांड ड्राफ्ट **(DD)** (कॉलम **E** देखें) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**, लेख के शीर्ष पर उल्लेखित शाखा कार्यालय के पते पर **25 जुलाई, 2025 को शाम 4:00 बजे तक** या उससे पहले जमा करनी होगी। संभावित बोलीदाता(ओं) को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम व शर्तों के फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर **25 जुलाई, 2025 को शाम 5.00 बजे तक** या उससे पहले जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट **(DD)** एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से ''**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**'' के पक्ष में लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।

आम जनता से अनुरोध है कि वे ऊपर बताए गए इच्छुक खरीदार द्वारा पेश की जा रही राशि से अधिक की बोली प्रस्तुत करें। इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि यदि आईसीआईसीआई एचएफसी को उक्त इच्छुक खरीदार द्वारा पेश की जा रही राशि से अधिक की कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो बंधक संपत्ति को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के साथ नियम 8(8) के अनुसार उक्त इच्छुक खरीदार को बेच दिया जाएगा।

निरीक्षण, बिक्री की शर्तों और नियमों या बोलियों की प्रस्तुति के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर संपर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई अतिरिक्त कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** पर जाएँ।

प्राधिकृत अधिकारी, ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड''

दिनांकः 11 जुलाई, 2025 स्थानः राजस्थान

CIN : U65922MH1999PLC120106

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-ए - ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी-बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित)

रजि. कार्यालयः- 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन:-011-23357171, 23357172, 23705414, वेब:-www.pnbhousing.com

बी.ओ.जोधपुरःदूसरी मंजिल, चौधरी भवन, शनिश्चर काठान के पास, चोपासनी रोड, जोधपुर, राजस्थान -342001

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार **''जहां है जैसा है, जो है जैसा है और जो भी है के आधार पर''** बेचा जाएगा। एतद्द्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता/कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक, प्रशासक, उत्तराधिकारी, संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता (अब मृत) के समनुदेशिती को नोटिस दिया जाता है, जैसा कि आज की तिथि तक संशोधित सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया डब्ल्यूएस पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.pnbhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या का नाम उधारकर्ता/सह- उधारकर्ता/गारंटर / कानूनी उत्तराधिकारी(ए)	मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़े की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियाँ का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी)(ई)	ईएमडी (10% का आरपी)(एफ)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि मानसिक दर (एच)	निरीक्षण दिनांक और समय(आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	एनोउन एनकम ब्रेंस कोर्ट केस, यदि कोई हो (के)
एनएचएल/जेडीएच/0619/717082 सुभाष मोहनलाल गर्ग किरण सुगन चंद बी.ओ.: जोधपुर	31 मार्च 2021 तक रु. 16,88,766/- (सोलह लाख अठ्ठासी हजार सात सौ छियासठ रुपये मात्र)	भौतिक	आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा मकान नंबर 93 इंद्रा कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 पर स्थित है।	रु. 1,783,000	रु. 178,300	11.08.25	रु. 10,000	04-08-2025, सुबह 10.00 बजे - शाम 5.30 बजे	12-08-2025, 02.00 अपराह्न - अपराह्न 03.00 बजे	ज्ञात नहीं है

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कॉलम संख्या-के में बताए गए को छोड़कर कोई अन्य बाधा/दावा नहीं है। सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपनी ओर से पूरा किया/भुगतान किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लेखित बाधाओं की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।

1. आज तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लेखित है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या-के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दलील का निरीक्षण कर सकते हैं। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट करते हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। 3. कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (इसमें शामिल है) बयाना राशि का) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि में चूक होने पर, अधिकृत अधिकारी बिक्री का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लेखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रतिफल राशि और संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। (4.) **मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में है। वेबसाइट - www.bankeauctions.com संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको विवेक लोढ़ा टोल फ्री नंबर -1800 120 8800, ई-मेलः auction@pnbhousing.com के साथ समन्वय करना होगा, जो पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थानः- जोधपुर दिनांकः- 11.07.2025 एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ/JPC/D-009/2006-08